# प्रेस –नोट

## थाना थाना बरूआसागर

**दिनाँक 10.07.2025**

- **पुलिस मुठभेड़ में 01 घायल अभियुक्त तथा 01 बाल अपचारी सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **कब्जे से 02 चोरी की पल्सर मोटर साइकिल व एक हार पीली धातु व अवैध असलाह कारतूस बरामद -**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में झाँसी पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम तथा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना बरूआसागर व स्वाट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 08.07.2025 को थाना बरूआसागर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 171/25 धारा 309(6)/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त 1. विनय पांचाल पुत्र मुन्नालाल पंचाल निवासी ग्राम बामौर थाना एरच जनपद झाँसी व एक बाल अपचारी को दिनांक 10.07.2025 को ग्राम तेंदौल के पास थाना बरूआसगार क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त विनय पांचाल उपरोक्त पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ है।

मुठभेड़ में घायल बदमाश को जीवन रक्षार्थ उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। बदमाशों के कब्जे से लूटे गये माल तथा चोरी की दो मोटर साइकिल व अवैध असलाह कारतूस बरामद की गयी है। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बरूआसागर में सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाशों द्वारा थाना बरूआसागर क्षेत्रान्तर्गत दम्पति के साथ लूट की घटना कारित कर अपाचे मोटरसाइकिल तथा अन्य सामान छीन कर भाग गये थे, जिसके सम्बन्ध में थाना बरूआसागर में मु0अ0सं0- 171/2025 धारा 309(6)/3(5) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में 03 अभियुक्तों को दिनांक 09.07.2025 को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त –** 1. विनय पांचाल पुत्र मुन्नालाल पंचाल निवासी ग्राम बामौर थाना एरच जनपद झाँसी

2.बाल अपचारी

**बरामदगी का विवरण –** 01 हार पीली धातु, 1,900 रूपये, 02 पल्सर मोटर साइकिल चोरी की,01 अवैध तमंचा 315 बोर , 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –** 1 . थाना प्रभारी बरूआसागर मय पुलिस टीम

2 . प्रभारी स्वाट मय पुलिस टीम .